मिठी विद्यालय के छात्रों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः मिठी गोबिंदराम पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थियों को उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सम्मानित किया।

गांधीजी के जीवन एवं विचारों से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पत्र लेखन प्रतियोगिता में अक्षांश जैन ने द्वितीय स्थान, वाद-विवाद प्रतियोगिता में दक्ष नायक ने द्वितीय स्थान तथा चित्रकला प्रतियोगिता में विनय विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि छात्र अपने कौशल को बढ़ाते हुए नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में अवश्य स्थान दें। यह भी राष्ट्रभक्ति का सच्चा प्रमाण है। विद्यालय की प्राचार्य रेखा एवं प्राचार्य दिव्या कृपलानी ने कहा कि विद्यार्थियों का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उनके परिश्रम, अनुशासन और मार्गदर्शकों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है।

गांधी-शास्त्री जयंती पर जद(यू) ने किया माल्यार्पण, नशामुक्ति का दिया संदेश

नप्र, भोपालः राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती पर जनता दल (यू) मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान गांधीजी और शास्त्रीजी के विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। कार्यकर्ताओं ने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सामाजिक सद्भाव के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

नशामुक्त समाज के लिए जनजागरूकता और जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने राज्यपाल और मुख्यमंत्री से मध्य प्रदेश में बिहार की तर्ज पर आबकारी नीति लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिहार में लागू नीति के अनुभवों का अध्ययन कर मध्य प्रदेश में जनहित के अनुरूप नीतिगत कदम उठाए जाने चाहिए।

लायंस ऑफ भोपाल ने मनाई गांधी-शास्त्री जयंती

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः लायंस ऑफ भोपाल की ओर से शुक्रवार को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन महेश मालवीय तथा अध्यक्ष लायंस ऑफ भोपाल के समन्वयक लायन हरिओम जटिया रहे। अतिथियों एवं सदस्यों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

हरिओम जटिया ने कहा कि गांधीजी का सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का संदेश तथा शास्त्रीजी की सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

समारोह में आर.के. शर्मा एवं उनकी टीम ने भजन, राष्ट्रगीत और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर लायंस क्लब के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने दिव्यऋषि तिवारी के परिजन को दी सांत्वना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को युवा अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता स्व. दिव्यऋषि तिवारी के पत्रकार कॉलोनी स्थित निवास पहुंचकर शोकाकुल परिजन से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

उन्होंने दिव्यऋषि के पिता आनंद तिवारी, माता रविकला तिवारी तथा भाइयों दिव्यांकु तिवारी और युगान्तर तिवारी से मिलकर आत्मीय संवेदनाएं व्यक्त कीं। उल्लेखनीय है कि दिव्यऋषि तिवारी का 27 सितंबर को भोपाल में सार्वजनिक स्थल पर स्थापित विद्युत पोल से करंट लगने से आकस्मिक निधन हो गया था। वे 30 वर्ष के थे और जिला न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में अधिवक्ता थे।

न्यू मार्केट में 60 फीट ऊंची नागेश्वर ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृति बनेगी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः न्यू मार्केट दुर्गा उत्सव समिति इस वर्ष श्रद्धालुओं के लिए गुजरात के देवभूमि द्वारका स्थित प्रसिद्ध श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की करीब 60 फीट ऊंची भव्य प्रतिकृति तैयार करा रही है।

करीब 5000 वर्ग फीट क्षेत्र में मुख्य पंडाल बनाया जाएगा। समिति के आयोजक पवन वरदानी और सचिव अजय देवनानी ने बताया कि इस बार आयोजन का प्रमुख आकर्षण द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन होंगे। सभी 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतिकृतियां स्थापित की जाएंगी।

मुख्य पंडाल में मां अम्बे की स्थापना के साथ समुद्र मंथन का दृश्य भी प्रस्तुत किया जाएगा। करीब 40 फीट चौड़े और 12 फीट लंबे क्षेत्र में समुद्र मंथन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को मूर्तिकला के माध्यम से दर्शाया जाएगा। झांकी का निर्माण बंगाली कलाकार कार्तिकेय और उनकी 20 सदस्यीय टीम द्वारा करीब दो माह से किया जा रहा है।

समिति के अध्यक्ष सतीश गंगराड़े ने बताया कि परिसर में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, अलग प्रवेश और निकास द्वार, अग्निशमन यंत्र तथा प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रहेगी। दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए व्हीलचेयर की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। स्वच्छता के लिए डस्टबिन लगाए जाएंगे और पॉलीथिन का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। सजावट में पर्यावरण अनुकूल रोशनी का उपयोग किया जाएगा।

सेवा संकल्प अभियान में समरसता भोज, मानव सेवा ही माधव सेवा का संदेश

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा जिला मंत्री राकेश कुकरेजा द्वारा गोलघर, भोपाल में नगर निगम के स्वच्छता सेवकों, आसरा के वृद्धजनों, दिव्यांग बच्चों एवं बाल निकेतन के बच्चों के सम्मान समारोह एवं समरसता भोज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा ने सेवा, सम्मान एवं सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राकेश कुकरेजा ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। समाज के प्रत्येक वर्ग का सम्मान और उनके साथ आत्मीयता से जुड़ना ही सच्ची जनसेवा है। सेवा, सम्मान और समरसता के माध्यम से समाज में आपसी भाईचारे एवं अपनत्व की भावना को और मजबूत किया जा सकता है।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, कैलाश मिश्रा, जगदीश साहिता, मनोज राठौर, देवेंद्र भार्गव, महेश मकवाना, हरिओम असेरी, विकास सोनी, पार्षद सरोज असेरी, प्रियंका मिश्रा, भगवानदास धालिया, राजा शर्मा, महामंत्री संदीप कल्याणे, अनिल थरवानी, महेश मालवीय, अतुल घेंघट, अजय सरवैया, राजकुमारी डागोर, सुकांती ठाकुरिया, लक्ष्मी महाजन एवं चंद्र यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर संस्कार विद्यालय के बच्चों ने ली स्वच्छता की शपथ

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महापुरुषद्वय के सपनों का भारत बनाने का संकल्प दोहराया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप स्वच्छता के प्रति शपथ ली गई।

संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि जिन महापुरुषों की जयंती हम मना रहे हैं, उसका उद्देश्य उनके जीवन से अच्छी बातें अपने जीवन में उतारना और उनके वचनों पर चलने का प्रयास करना है। तभी इस तरह के कार्यक्रम सार्थक होंगे।

संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री दोनों तन, मन और धन से राष्ट्र के प्रति समर्पित थे। उनका जीवन आदर्श और सादगीपूर्ण था। हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में कर्नल नारायण पारवानी, उपाध्यक्ष सुरेश राजपाल, लेखापरीक्षक पुरुषोत्तम टिलवानी, मनोहर वासवानी, कन्हैयालाल मोटवानी, विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा और मोंटेसरी प्रभारी प्रियाशी आडवानी ने भी विचार रखे।

आज राजधानी के 30 इलाकों में बिजली कटौती

नप्र, भोपालः भोपाल के करीब 30 इलाकों में शनिवार को 4 से 7 घंटे तक बिजली कटौती होगी। बिजली कंपनी द्वारा इन क्षेत्रों में रखरखाव कार्य किए जाने के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। ऐसे में बिजली से जुड़े जरूरी काम पहले से निपटा लेने की सलाह दी गई है। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक अमृत होम्स परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक सिग्नेचर रेजीडेंसी कॉलोनी, सागर प्रीमियम टावर, सिग्नेचर 99 कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्रों में कटौती होगी। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक पंजाबी बाग, गुरुनानकपुरा, बाग फरहत अफजा, ऐशबाग, जनता क्वार्टर, माहोली, केकड़ा अभिनव होम्स, सागर हाइट्स, ग्रीन वैली, कोलुआ, सागर लैंडमार्क, राधाकृष्णपुरम, खेजड़ा बरामद एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इसी अवधि में एमएल हाईराइज, ईको ग्रीन पार्क एवं आसपास के क्षेत्रों में भी बिजली कटौती होगी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत महापौर ने साधु-संतों के साथ की साफ-सफाई

नप्र, भोपालः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकसेवक के रूप में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत महापौर मालती राय ने साधु-संतों के साथ काली मंदिर एवं घाट पर साफ-सफाई की।

इस अवसर पर श्री 108 अनिलानंद महाराज सहित अन्य साधु-संत, आशीष ठाकुर, मनोज घट एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। महापौर ने स्वच्छता को संस्कार बनाकर शहर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया।

स्वच्छता स्वस्थ और सुंदर समाज के निर्माण का संकल्प : सूर्यवंशी: निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत कोटरा सुल्तानाबाद स्थित पार्क एवं अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर साफ-सफाई की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि स्वस्थ और सुंदर समाज के निर्माण का संकल्प है। सूर्यवंशी ने कहा कि सेवा और जनभागीदारी के माध्यम से अपने शहर को स्वच्छ एवं बेहतर बनाने के लिए सभी को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए।

गांव और वार्ड स्तर पर नागरिकों को मिलेंगी शासकीय सेवाएं

भोपाल । प्रदेश में नागरिकों को शासकीय सेवाएं उनके गांव और वार्ड स्तर पर सहज, पारदर्शी, संवेदनशील एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 'सेवा संकल्प अभियान' का महत्वपूर्ण घटक है। इसके तहत 3 अक्टूबर को ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखंड स्तर पर और 4 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्रों में वार्ड एवं जोन स्तर पर मेगा सेवा सेतु शिविर लगाए जाएंगे।

शिविरों का उद्देश्य नागरिकों, विशेषकर किसानों, ग्रामीणों, श्रमिकों, महिलाओं, वंचितों एवं कमजोर वर्गों को विभिन्न शासकीय कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से मुक्त करना है। शिविरों में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं और राजस्व विभाग से संबंधित सेवाओं का मौके पर ही निराकरण, स्वीकृति अथवा प्रदाय सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होंगे।

इन शिविरों में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, नगरीय प्रशासन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, कृषि, मत्स्य पालन, श्रम, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय तथा स्कूल शिक्षा सहित विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

फिटनेस और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने छात्राओं को सौंपी साइकिलें

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में सिद्ध भाऊ ने छात्राओं को 25 साइकिलें वितरित कीं। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं के सुगम आवागमन के साथ उनके स्वास्थ्य, फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम में भाऊ के साथ महेश दयारामानी, घनश्याम बूलचंदानी, हीरो ज्ञानचंदानी एवं ए.सी. साधवानी ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर दयारामानी ने कहा कि साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने कहा कि छात्राओं का समग्र विकास केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। उनके शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता को भी समान महत्व मिलना चाहिए। नियमित साइकिलिंग से बालिकाएं स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपना सकती हैं। उन्होंने इस योगदान के लिए माया केसवानी, गुलाब केसवानी और जीव सेवा संस्थान के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। प्राचार्या ने कहा कि जीव सेवा संस्थान के सहयोग से यह आयोजन सफल हो पाया, जो शिक्षा संस्थानों और सामाजिक संगठनों के बीच सकारात्मक तालमेल का उदाहरण है। कॉलेज प्रबंधन के अनुसार, साइकिल वितरण से छात्राओं का दैनिक आवागमन सुलभ होगा। साथ ही उनमें पर्यावरण संरक्षण, शारीरिक सक्रियता और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

कैप्टन स्मित के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए में महामृत्युंजय जाप

मरघटिया महावीर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

भोपाल। फ्लाईडब्ल्यू के भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए शुक्रवार को सेवा संकल्प युवा संगठन के सदस्यों ने मरघटिया महावीर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर हनुमान मंदिर में कैप्टन स्मित के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की। इस दौरान उनके लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप भी किया गया।

संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने कहा कि कैप्टन स्मित ने गंभीर चोटों के बावजूद 174 यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी और साहस तथा सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि कैप्टन स्मित के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए देशभर में प्रार्थनाएं की जा रही हैं। संगठन के संयोजक चेतन भार्गव ने कहा कि कैप्टन स्मित खुद गंभीर रूप से घायल हुए और जीवन-मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी।

संगठन के सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान महंत कन्हैया दास महाराज, समाजसेवी चेतन भार्गव, यश जैन, अर्जुन ठाकुर, राजेश साहू, हर्ष सोनी, सौरभ जैन और दीपक साकरे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जाहिर सूचना

कृषि भूमि ख.क्र.-19/1/1, ख कं.-19/1/2, ख क्रं.-19/1/3, ख क्रं-19/1/4, कुल रकबा-3.286 हैक्टेयर अर्थात-8.12 एकड़ जो ग्राम-जमुनिया, दीवानगंज, तहसील व जिला-रायसेन म.प्र., में स्थित हैं, के सबंध में।

मेंरे द्वारा मेरे पक्षकार रामनारायण पुत्र श्रीराम गंगेले आयु–व्यस्क, निवासी–शिवनगर कॉलोनी, भानपुर तहसील हुजूर जिला–भोपाल की और से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेंरे पक्षकार द्वारा, विक्रेता स्व. श्री जितेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा वैधानिक उत्तराधिकारी पत्नी श्रीमती हेमलता, श्री धर्मेन्द्र राजपूत, श्री परवेश राजपूत, श्री संतोष राजपूत, तीनों पुत्रगण श्री दयाल सिंह राजपूत, निवासीगण ग्राम जमुनिया, दीवानगंज, तहसील व जिला–रायसेन, म.प्र. के स्वत्व स्वामित्व की कृषि भूमि ख.क्र.–19/1/1 रकबा–0.821 है., खक्रं.–19/1/2 रकबा–0.821 हैं. ख.क्रं.–19/1/3, रकबा–0.822 हे., ख.क्रं.–19/1/4 रकबा –0.822 है. कुल रकबा–3.286 हैक्टेयर अर्थात–8.12 एकड़ जो ग्राम–जमुनिया, दीवानगंज, तहसील व जिला–रायसेन म.प्र. में स्थित हैं, का पंजीयत विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 24.07.2019 निष्पादित कर 80 प्रतिशत विक्रय मूल्य राशि का भुगतान कर दिया हैं, तथा शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन होना शेष हैं। परन्तु उक्त विक्रेतागण के मन में वेईमानी आ जानें के कारण उनके द्वारा उक्त अनुबंध पत्र में वर्णित शर्तो का पालन नहीं किया जा रहा हैं तथा हमे शाटाल–मटोल की जा रही हैं। मेंरे पक्षकार को ज्ञात हुआ कि मेंरे पक्षकार की उक्त अनुबंधित भूमि को उक्त व्यक्तियों द्वारा चोरी छुपे अन्य व्यक्ति को विक्रय किया जा रहा हैं, जो कि एक अवेधानिक कृत्य हैं। तथा मेंरे पक्षकार द्वारा उक्त व्यक्तियों के विरूद्व सिविल एवं आपराधिक कानूनी कार्यवाही की जा रही हैं, इस सूचना–पत्र के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि उक्त व्यक्तियों से उक्त भूमि के सबंध में किसी भी प्रकार का कोई क्रय विक्रय सबंधि संव्यवहार नहीं करें, यदि इस सूचना के उपरांत भी किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा उक्त व्यक्तियों से किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता हैं तो वह उससे उत्पन्न होनें वाले दुष्परिणामों के लियें स्वंय जिम्मेदार हो वेगे। तथा ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध मेंरा पक्षकार कानूनी कार्यवाही करनें हेतू स्वतंत्र होगा।

भवदीय **शुभम मीना** (अधिवक्ता)

"शुभम लॉ चेम्बर"

पता-एस-6, ए-ब्लाक, तिरूपति अभिनव होम्स, महोली दामखेडा, अयोध्या वायपास रोड, जिला-भोपाल

मो.नं. -9893013556

1846

नाम परिवर्तन सूचना

यह कि खास और आम को सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि मैं लक्ष्मी नारायण पुत्र स्व. श्री छोटेलाल आयु लगभग 60 वर्ष निवासी 25, अहीरपुरा जहाँगीराबाद, भोपाल म0प्र0 पिन–462008 निवेदन करता हूँ कि मेरे यूको बैंक के रिकार्ड में कहीं मेरा नाम लक्ष्मी नारायण जाटव एवं कहीं पर एल.एन. जाटव अथवा लक्ष्मी एन. जाटव नाम अंकित है। जबकि मेरा वास्तविक नाम लक्ष्मी नारायण पुत्र श्री स्व. श्री छोटेलाल ही है एवं इसी नाम से मेरा आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अंकसूची में अंकित है, ऊपर दर्शित सभी नाम एक ही व्यक्ति अर्थात लक्ष्मी नारायण के है। मेरा नाम जहाँ कहीं भी लक्ष्मी नारायण जाटव अथवा एल.एन. जाटव तथा लक्ष्मी एन. जाटव दर्ज हों उसके स्थान पर केवल लक्ष्मी नारायण पढा लिखा एवं दर्ज किया जावें। उपरोक्त नाम परिवर्तन के संबंध में मैंने अपना शपथ पत्र दिया है। भविष्य में मैं सभी प्रयोजनों हेतु लक्ष्मी नारायण के नाम से ही जाना व पहचाना जाऊगा।

नया नाम : लक्ष्मी नारायण (Laxmi Narayan)
पूर्व नाम: लक्ष्मी नारायण जाटव (Laxmi Narayan Jatav)

1845

नाम परिवर्तन सूचना

मैं गौरी पालीवाल आत्मज श्री नवीन पालीवाल आयु 19 वर्ष, वर्तमान निवासी- 5Y/26, सहारा स्टेट भोजपुर रोड मिसरोद के पास भोपाल (म.प्र.)पिन कोड नं 462047 मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ एवं उपरोक्त पता ही मेरा स्थाई पता है मेरा नाम गौरी पालीवाल (GAURI PALIWAL) पुत्री श्री नवीन पालीवाल (NAVIN PALIWAL) है जो कि मेरे आधार कार्ड एवं मेरी बोर्ड कक्षा 10 व 12 वी की अंक सूचीये में अंकित है जो कि सही एवं सत्य है, जबकि त्रुटिवस मेरे भारतीय पासपोर्ट में मेरे नाम की स्पेलिंग गलत अर्थात (GOURI PALIWAL) एवं पिता का गलत नाम अर्थात नवीन अमरचन्द्र पालीवाल (NAVIN AMARCHAND PALIWAL) अंकित है, जबकि मेरे पिता का सही नाम नवीन पालीवाल (NAVIN PALIWAL) है। एवं मेरे ऐरिया का पिन कोड गलत अर्थात 462026 अंकित है जबकि मेरे ऐरिया का सही पिन कोड 462047 है जिसे मेरे पासपोर्ट में मेरे उक्त नाम की सही स्पेलिंग (GAURI PALIWAL) एवं मेरे पिता के नाम की सही स्पेलिंग (NAVIN PALIWAL) एवं मेरा सही पिन कोड 462047 अंकित कर दिया जावे। मेरा वर्तमान नाम गौरी पालीवाल (GAURI PALIWAL) पुत्री श्री नवीन पालीवाल (NAVIN PALIWAL) है मुझे वर्तमान मे इसी नाम से जाना पहचाना पढ़ा लिखा व दर्ज किया जावे।

1844

कार्यालय थाना प्रभारी थाना गोविंदपुरा भोपाल म.प्र

क्र./था.प्र/गोविं/अप. क्रमांक 805/26 दिनांक 22/09/26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09/09/26 फरियादी सतीश जोशी पिता अजय जोशी उम्र 29 साल निवासी म.न. 470 वी–सेक्टर BHEL खंडहर क्वाटर थाना गोविंदपुरा भोपाल मोबाईल नंबर 7692850165, ने थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट किया कि मेरा बेटा प्रिंस जोशी पिता सतीश जोशी उम्र 6 साल निवासी म.न. 470 वी –सेक्टर BHEL खंडहर क्वाटर गोविंदपुरा भोपाल है को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है जिसका हुलिया –शरीर सामान्य, कद –3.5 फिट, रंग सांवला, चेहरा गोल, टी–शर्ट और हाफ पेंट पहने है, कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अपराध पंजीवध्द है।

अतः गुमशुदा प्रिंस जोशी की तलाश के संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया थाना गोविंदपुरा भोपाल मोवाइल नंबर 7049105418 व विवेचना अधिकारी सउनि रामयाल गंगवार के मोवाइल नंबर 7049104817 पर सूचित करने का कष्ट करे।

थाना प्रभारी
थाना गोविंदपुरा भोपाल (म.प्र.)
फोन नं. 0755-2443710

जी–19346/26